चित्रलेखा

जनवरी - जून 2024

श्री चित्रा तिरुनाल आयर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेंद्रम

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अधीन एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान

श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान,
त्रिवेंद्रम की अर्द्ध वार्षिक गृह पत्रिका

चित्रलेखा

मुख्य संरक्षक
प्रोफ.डॉ. संजय बिहारी
श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान
निदेशक

संपादक
डॉ.देबाशिष गुप्ता
प्राध्यापक, आधान चिकित्सा विभाग
श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान

संपादकीय सलाहकार समिति
डॉ. बी. सन्तोष कुमार
कुलसचिव
श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान

फोटोग्राफी एवं डिसाईन
श्री.लिजी कुमार जी.
वैज्ञानिक अधिकारी,मेडिकल इल्लस्ट्रेषन प्रभाग
श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान

रूपांकन
सुश्री नीतू के एम,
कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक
श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान

श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान- परिचय

संस्थान का प्रारंभ सन् 1973 में हुआ जब त्रावणकोर के शाही घराने ने केरल की जनता और केरल सरकार को एक बहुमंजली इमारत भेंट की। सन् 1976 में योजना आयोग के तत्कालीन उपाध्यक्ष श्री .पी.एन हस्कर ने श्री चित्रा चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन किया और इसके साथ ही मरीजों के लिए विविध सेवाओं और अंतरंग चिकित्सा का आरंभ हुआ। उसके शीघ्र बाद साटेलमोन्ढ महल, पूजप्पुरा के अंदर जैवचिकित्सीय प्रौद्योगिकी स्कंध का आरंभ हुआ जो कि अस्पताल स्कंध से 8 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। यह इमारत भी शाही घराने द्वारा भेंट दी गई थी।

भारत सरकार ने आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी विज्ञान को एकल बृहत संस्थान में विलय करने की अवधारणाओं को अत्यंत महत्वपूर्ण माना और सन् 1980 में एक संसदीय अधिनियम के द्वारा इस संस्थान को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करके इसका नामकरण "श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान,त्रिवेंद्रम" किया।

15 जून 1992 को भारत सरकार के तत्कालीन वित्त मंत्री माननीय डॉ. मनमोहन सिंह ने संस्थान के तीसरे आयाम अच्युत मेनन सेंटर फॉर हेल्थ साईंस स्टडीस (ए.एम.एस.सी.एच.एस.एस) की आधार शिला रखी। उसके बाद 30 जनवरी, 2000 को तत्कालीन विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं मानव संसाधन विकास मंत्री माननीय श्री.मुरली मनोहर जोशी ने अच्युत मेनन केन्द्र को राष्ट्र के लिए समर्पित किया।

निदेशक की कलम से

भारत देश में बहुत भाषाएं बोली जाती है परंतु सबसे अधिक बोली जानेवाली भाषा हिन्दी है। हिन्दी भाषा का अपना ही एक महत्व है जिसके कारण यह लोगों के हृदय में एक महत्वपूर्ण स्थान लिए हुए है। अत्यंत खुशी की बात है कि हमारे संस्थान की हिन्दी गृह पत्रिका चित्रलेखा 2024 का प्रथम खंड प्रकाशित हो रहा है। इस पत्रिका श्री चित्रा परिवार के सदस्यों के लेखों से संपन्न हैं, जिसमें कविता, यात्रा वृत्त, लेख, रिपोर्टें, राजभाषा की गतिविधियां आदि शामिल हैं। इस प्रकार हमारे संस्थान का हिन्दी पत्रिका अधिकारियों,कर्मचारियों,छात्र –छात्रों के लिए एक अभिव्यक्ति का माध्यम भी है।

चित्रलेखा 2024 का प्रथम खंड के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर चित्रलेखा के सभी योगदानकर्ताओं और प्रकाशन के लिए कार्य कर रहे सभी को बधाइयाँ देता हूं।

प्रो. (डॉ). संजय बिहारी
निदेशक

संकायाध्यक्ष की कलम से

एससीटीआईएमएसटी की हिंदी पत्रिका चित्रलेखा, संस्थान के अंदर ज्ञान, अंतर्दृष्टि और प्रगति को साझा करने के लिए एक जीवंत मंच है। यह एससीटीआईएमएसटी द्वारा किए जा रहे चल रहे अनुसंधान, नवीन प्रौद्योगिकियों और स्वास्थ्य देखभाल पहलों के बारे में बहुमूल्य जानकारी का प्रसार करता है। संस्थान के अंदर महत्वपूर्ण उपलब्धियों और विकास पर प्रकाश डालकर, पत्रिका स्वास्थ्य पेशेवरों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग को प्रेरित करना चाहती है।

चित्रलेखा के प्रत्येक अंक में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए लेख शामिल होते हैं, जिनमें जैव चिकित्सा इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, चिकित्सा उपकरण विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य, नैदानिक अभ्यास और रोगी देखभाल जैसे विषय शामिल होते हैं। मैं अपने पाठकों को उत्सुकता और उत्साह के साथ प्रत्येक संस्करण का अन्वेषण करने के लिए आमंत्रित करता हूं क्योंकि हम एक स्वस्थ भविष्य की ओर प्रयास कर रहे हैं। मैं इस अवसर पर उन लोगों की भी सराहना और बधाई देना चाहता हूँ जिन्होंने पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत की और इस अंक को प्रकाशित किया।

डॉ रॉय जोसफ
संकायाध्यक्ष
शैक्षणिक कार्य प्रभाग

प्रमुख, बी.एम.टी स्कंध की मंगल संदेश

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि चित्रलेखा का अगला अंक प्रकाशन के लिए तैयार है। यह गृह-पत्रिका हमारे राष्ट्रभाषा हिन्दी में, अपने कलात्मक एवं लेखन कौशल को व्यक्त करने के लिए चित्रा परिवार के सदस्यों को एक अवसर प्रदान करती है। यह कोई आसान काम नहीं है, बल्कि संयुक्त प्रयासों का परिणाम है मैं इस प्रयास की सफलता की कामना करता हूँ।

मैं इस अवसर पर चित्रलेखा के सभी योगदानकर्ताओं एवं संपादकों को बधाई देता हूँ।

डॉ. हरिकृष्ण वर्मा पी आर
प्रमुख, जैवचिकित्सकीय प्रौद्योगिकी स्कंध

उप निदेशक की कलम से

यह ख़ुशी की बात है कि हमारे संस्थान के हिन्दी गृह पत्रिका 'चित्रलेखा' जनवरी –जून 2024 का पहला खंड प्रकाशित होने जा रहा है। 'चित्रलेखा' संस्थान के डॉक्टर, अभियंता, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारियों और छात्रों के विचार एवं प्रतिभा को हिन्दी में दर्शाने का माध्यम है। इसे संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन को बढ़ावा देने की दूसरी सीढ़ी मानना चाहिए। भारत सरकार के राजभाषा नीति के अनुसार हिन्दी भाषा को बढावा देने वाले इस कदम की सफलता केलिए पूरे संस्थान का योगदान अनिवार्य है। मैं आशा करता हूँ कि यह 'चित्रलेखा' पत्रिका संस्थान में प्रचलित हो। इसके पीछे काम करने वाले सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

डॉ मणिकंडन एस
उप निदेशक

कुलसचिव की कलम से

हमारी हिन्दी पत्रिका चित्रलेखा ने पिछले कुछ वर्षों में अपना अलग व्यक्तित्व विकसित किया है। कई वर्षों तक पत्रिका के साथ काम करने से यह मेरा हिस्सा बन गया है। यह गर्व के साथ संस्थान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संस्थान में होने वाली घटनाओं के बारे में बात करता है। जैसा कि मार्टिन लूथर ने एक बार कहा था, यदि आप दुनिया को बदलना चाहते हैं, तो अपनी कलम उठाए और लिखें। इसलिए इस अनुभव का हिस्सा बनें और भविष्य के संस्करणों के लिए योगदान करें।

मुझे पूरी उम्मीद है कि आप इसका आनंद लेंगे और इसकी सराहना करेंगे। पढ़ने में आनंद लें...

डॉ सन्तोष कुमार बी
कुलसचिव एवं संयोजक, राजभाषा कार्यान्वयन समिति

संपादक की कलम से

श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के हिन्दी गृह पत्रिका “चित्रलेखा” का नया संस्करण प्रकाशित होने जा रहा है। चित्रलेखा" का यह नया संस्करण आपको समर्पित करते हुए मुझे बेहदख़ुशी हो रही हैं। यह पत्रिका हमारे संस्थान के डॉक्टर, अभियंता, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारियों और छात्रों ने अपने विचार एवं प्रतिभा को हिन्दी में दर्शाने का प्रयास किया है।

हमारी संस्थान हिन्दी राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए यह हिन्दी पत्रिका हर साल प्रकाशित करती हैं। संस्थान ने मुझे इस पत्रिका का संपादन का दायित्व सौंप कर गौरवान्वित किया है। हमने पुरी कोशिश की है कि यह पत्रिका उच्च कोटि स्तर का हो, जिसके लिए हमने इस संस्करण में आपके अनुभवों, हमारे संस्थान की उपलब्धियों और आपके भावनाओं को समाहित किया हैं।

मैं संस्थान के निदेशक महोदय,डॉ. संजय बिहारी का व्यक्तिगत आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने इस पत्रिका को उच्च कोटि का स्थान दिलाने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया हैं। इनके आलावा, मैं सभी लेखकों का भी व्यक्तिगत आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने इस पत्रिका केलिए अपना अमूल्य योगदान दिया है। मुझे आशा है कि इस में प्रकाशित कृतियों से पाठकों को उचित मार्ग दर्शन एवं जानकारी प्राप्त होगी तथा दैनिक सरकारी कार्यों में हिन्दी के प्रयोग में वृद्धि होगी।

मैं उम्मीद करता हूँ कि आप सब इसी तरह इस यात्रा में हमारे सहयोग करते रहेंगे और आप सबको यह संस्करण बेहद पसंद आयेगा।

जय हिन्द !

डॉ. देबाशिष गुप्ता
प्रोफेसर
रक्त आदान चिकित्सा विभाग

विषय सूची

1. यात्रा विवरण
2. कविता - नन्हीं किरण कुछ कह गई...
3. ए जी चित्रा ट्यूबरकुलोसिस डायग्नोस्टिक किट का राष्ट्रीय लॉन्च का रिपोर्ट
4. लेख - बायोलुमिनसेंस का जादू: प्रकृति की प्रकाशमान घटना"
5. कविता – मेरी मां
6. अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह 2024
7. विश्व नींद दिवस 2024
8. कविता – धरती
9. स्मृतिवनोल्सव 2024
10. प्रयोगशाला पशुओं के उचित एनेस्थीसिया, एनाल्जेसिया और इच्छामृत्यु द्वारा पशु प्रयोग का शोधन" पर एक दिवसीय कार्यशाला
11. सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेन्द्रम का दौरा रिपोर्ट
12. लेख - भारत में पहले हिंदी-आधारित विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगोष्ठी का अनुभव
13. कविता - मैं मर गयी ..... लेकिन अगर मैं ज़िंदा रहे तो
14. स्वच्छता पखवाड़ा अभियान 2024
15. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह 2024
16. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह 2024
17. लेख - रामानुजन स्मारक
18. लेख - केरल जैव विविधता संग्रहालय
19. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024
20. विश्व सामाजिक कार्य दिवस 2024
21. हरित प्रोटोकॉल की ओर एक व्यापक कदम
22. दीक्षांत समारोह 2024
23. महाधमनी सर्जरी के प्रवेश द्वार खोलना: नर्सिंग उत्कृष्टता को सशक्त बनाना" विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन
24. राजभाषा की गतिविधियां
26. मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

यात्रा विवरण

सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान (हरियाणा), वेम्बनाड कोल वेटलैंड और अष्टमुडी झील (केरल) रामसर स्थलों के झरोखों से: जीवन अस्तित्व और जैव विविधता के लिए आद्रभूमियों का महत्त्व

सदियों से प्रकृति ने पृथ्वी पर व्यापक जल और प्राकृतिक संसाधनों द्वारा बनस्पति एवं समस्त जीव-जंतुओं को जीवनदान दिया है, परन्तु वर्तमान काल में इन संसाधनों के तेजी से विलुप्तीकरण के कारण विश्व एक विषम कगार पर आ खड़ा है। इस समस्या को समझने और इसका समाधान जानने के लिए हम आद्रभूमि के बारे में जानने का प्रयास करेंगे। तो चलिए, पहले हम आपको सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान ले चलते है जो हरियाणा राज्य के गुरुग्राम-झज्जर राजमार्ग पर सुल्तानपुर गाँव में एक रामसर स्थल है। दिल्ली से 50 किमी दूर स्थित इस स्थल को पहले सुल्तानपुर पक्षी अभयारण्य के नाम से जाना जाता था। वर्ष २०२१ में इसे भारत के एक रामसर स्थल की मान्यता मिली थी। लगभग 142.52 हेक्टेयर में फैला हुआ यह राष्ट्रीय उद्यान निवासी और प्रवासी पक्षियों के लिए स्वर्ग स्वरूप आर्द्रभूमि है। प्रवासी पक्षी प्रजातियाँ भोजन की तलाश में और सर्दी बिताने के लिए यहाँ प्रतिवर्ष आते हैं। अभयारण्य में जांघिल (पेंटड स्टोर्क/सारस), रोज़ी पेलिकन. साइबेरियाई क्रेन,ग्रेटर फ्लेमिंगो,रफ, काली पंखो वाली स्टिल्ट,कॉमन टील,कॉमन ग्रीनशैंक,नॉर्दर्न पिंटेल,पीली वैगटेल,श्वेत वैगटेल,नॉर्दर्न शॉवेलर जैसे प्रवासी पक्षियों को देखा जा सकता है।

सुल्तानपुर झील में प्रवासी पक्षियों का शीत ऋतू में आगमन का चित्रण

सर्वप्रथम हम समझेंगे की वेटलैंड अर्थात आद्रभूमि क्या है। आर्द्रभूमि कन्वेंशन (अनुच्छेद 1) में आर्द्रभूमि को परिभाषित किया गया है की धरती पर वह सब सभी स्थान जो दलदल,फेन (नीची दलदल),पीटलैंड या पानी के क्षेत्र हैं,चाहे प्राकृतिक या कृत्रिम,स्थायी या अस्थायी,पानी स्थिर या बहने वाले,ताजा,खारा या नमकीन,जिसमें समुद्री पानी के कम गहरे क्षेत्र भी शामिल होते हैं।

आर्द्रभूमियों को मुख्यतय तीन श्रेणियों में बांटा गया है: समुंद्री और तटीय आर्द्रभूमि,अंतर्देशीय आर्द्रभूमि और मानव निर्मित आर्द्रभूमि। समुंद्री/तटीय आर्द्रभूमियाँ में वनस्पति रहित ज्वारीय फ्लैट,खारीय दलदल,मूंगा चट्टानें,मैंग्रोव और समुद्री घास के मैदान शामिल हैं। इस श्रेणी में खारीय दलदल का वैश्विक क्षेत्र सबसे बड़ा है। दूसरी श्रेणी अंतर्देशीय आर्द्रभूमि में पीटलैंड,दलदल,नदियाँ और प्राकृतिक झीलें शामिल हैं, जैसे की सुल्तानपुर झील। तीसरी श्रेणी में मानव निर्मित चावल के धान,जल भंडारण निकाय जैसे जलाशय,साल्टपैन,जलीय कृषि तालाब और अपशिष्ट जल उपचार तालाब और गीले घास के मैदान शामिल हैं।

एक तरह से आर्द्रभूमियाँ प्रकृति के आघात अवशोषक के रूप में कार्य करती हैं। नदी घाटियों में पीटलैंड और गीले घास के मैदान प्राकृतिक स्पंज के रूप में कार्य कर वर्षा को सोख लेती हैं। एक तरफ इनकी विस्तृत सतह नदियों और नदियों में बाढ़ को रोकने का काम करती हैं तो दूसरी तरफ यह भंडारण क्षमता सूखे से बचाव में भी मदद करती है। तटीय आर्द्रभूमियाँ जैसे मैंग्रोव, खारीय दलदल और मूंगा चट्टानें तटरेखाओं की रक्षा करती हैं और लहरों और तूफानी लहरों के प्रभाव को कम करके कटाव को रोकती हैं। इसके अलावा आर्द्रभूमियाँ जैव विविधता को बनाये रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। आर्द्रभूमि विभिन्न जीव-जंतुओं पक्षियों के प्रजनन और प्रवास के लिए आवश्यक हैं।

विश्व में मीठा पेय जल 3% से भी कम है और इसका भी अधिकांश हिस्सा जमा हुआ है। आर्द्रभूमियाँ मीठा पेय जल की आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं। यही नहीं,ये करोडो लोगों को टिकाऊ उत्पाद और आजीविका (मछली पकड़ने और जलीय कृषि) का साधन और खाद्य आपूर्ति प्रदान करती हैं। जलवायु परिवर्तन जैसे ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए भी आर्द्रभूमियाँ का विशेष योगदान है।

1971 में रामसर,ईरान के एक शहर में, वेटलैंड्स पर कन्वेंशन बनाया गया था जोकि एक अंतरसरकारी संधि है जिसका मिशन "संरक्षण" है। स्थानीय,क्षेत्रीय और के माध्यम से सभी आर्द्रभूमियों का बुद्धिमानीपूर्ण उपयोग राष्ट्रीय कार्य और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के द्वारा किया जाता है। आज दुनिया भर में 2,220 से अधिक आर्द्रभूमियाँ शामिल हैं।

भारत में 82 रामसर स्थल हैं, ये आर्द्रभूमियाँ हैं जिन्हें रामसर कन्वेंशन के तहत "अंतर्राष्ट्रीय महत्व" के रूप में जाना जाता है। हाल में बिहार के नागी और नकटी पक्षी अभयारण्यों को रामसर सूची में शामिल करके भारत ने विश्व स्तर पर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान चीन के साथ हासिल किया है।

अब हम आपको केरल के २ रामसर स्थल, वेम्बनाड कोल वेटलैंड और अष्टमुडी झील की सैर करवाएंगे। वेम्बनाड कोल वेटलैंड को २००२ में अंतरराष्ट्रीय महत्व की आद्रभूमि, रामसर सूची में शामिल किया गया था। यह २०००० से अधिक जलपक्षियों का घर है, जो भारत में तीसरी सबसे बड़ी आबादी है। यहां जलकाग प्रजनन के लिए आते है। वेम्बनाड झील के तट पर कुमारकोम में स्थित कुमारकोम पक्षी अभयारण्य (वेम्बनाड पक्षी अभयारण्य) केरल राज्य के कोट्टायम जिले में सुन्दर स्थल है। केरल बैकवाटर्स में स्थित,पक्षी अभयारण्य में कई प्रवासी पक्षी प्रजातियाँ आती हैं।



वहीँ पास में थन्नेरमुक्कम बंद जोकि एक साल्ट वॉटर बैरियर है। इसको देखना और समझना भी जरुरी है। इसका निर्माण 1974 में कुट्टनाड विकास योजना के एक भाग के रूप में किया गया था जिससे पश्चिम में थन्नेरमुक्कोम और पूर्व में वेचूर के बीच वेम्बनाड झील के पार कुट्टनाड की निचली भूमि में ज्वार की कार्रवाई और खारे पानी की घुसपैठ को रोका जा सके। यह अवरोध मूल रूप से झील को दो भागों में विभाजित करता है, एक जिसमें बारहमासी खारा पानी होता है और दूसरे आधे हिस्से में झील में गिरने वाली नदियों द्वारा पोषित ताज़ा पानी होता है। यह भारत में सबसे बड़ा मिट्टी नियामक है।

अष्टमुडी झील (अष्टमुडी कयाल) केरल के कोल्लम जिले में एक अद्वितीय आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र है। यह राज्य में वेम्बनाड मुहाना पारिस्थितिकी तंत्र के बाद दूसरे स्थान पर है। मलयालम भाषा में अष्टमुडी का अर्थ है आठ पहाड़ियाँ या चोटियाँ। यह आठ छोटे टापुओं का एक समूह है जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग १३.४ वर्ग किमी है। यह एक दूसरी सबसे बड़ी मुहाना प्रणाली है जो अपने जलवैज्ञानिक कार्यों,अपनी जैव विविधता और मछली समर्थन के लिए असाधारण महत्व रखती है। यह कई मैंग्रोव प्रजातियों के साथ-साथ ४० से अधिक संबंधित पौधों की प्रजातियों और पक्षियों की ५७ प्रजातियों के संरक्षण में योगदान करती हैं। हजारों मछुआरे अपनी आजीविका के लिए इस मुहाने पर निर्भर रहते हैं।

इस लेख को पढने तो बाद शायद हम अनुमान लगा सकते है कि विभिन्न प्रकार की आद्रभूमियाँ हमारे जीवन संरक्षण के लिए कितनी उपयोगी है। यदि पृथ्वी पर जीवित रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति को इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देना पड़ेगा।

कमलेश के गुलिया, पी एच डी
वैज्ञानिक जी एफ प्रभारी, निद्रा अनुसंधान विभाग
बायोमेडिकल टेक्नोलॉजी विंग, सैटलमॉन्ड पैलेस
श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेंद्रम
(भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
पूजापुरा, तिरुवनंतपुरम 695012, केरल, भारत

कविता

नन्हीं किरण कुछ कह गई...

शाम के खुले आकाश में, सूरज ढल रहा था,
भूमि पर शांति की छांव फैल रही थी।
गाते हुए पक्षियों की आवाज़ मन को मुग्ध कर रही थी,
तभी सूर्य की नन्ही किरण स्पर्श कर गई और मानों कुछ कह रही थी कि।

प्रत्येक जीवन में कई उतार-चढ़ाव हैं,
हर एक क्षण नया है, हर एक अनुभव नया है।
हर मंजिल नई है, हर सोच नई है,
अगर मेरी तरह से देखो, नई है ये दुनिया।

मैं हर रोज नई जगहों पर जाती हूँ,
कभी हिमालयों की पहाड़ियों पर,
तो कभी अमेज़न के घने जंगलों में।
फिर भी मैं हरेक कोने पर पहुँच नहीं पाती हूँ।

इसीलिए तुम भी हर दिन नएअवसर को खोजो,
उन जगहों पर भी जाओ जहाँ मैं कदम नहीं रख पाई।
उठो, खड़े हो, परिश्रम करो, जोशभरो,
हर दिन नए सोच लाओ, नएअविष्कार करो।

यही जीवन की सच्चाई है,
यही उसकी पहचान है,
नए दृष्टिकोण से देखो, नए सपनों को पहचानो,
जीवन का हर कदम एक नई उड़ान है।

अरविन्द कुमार प्रजापति
वैज्ञानिक/इंजीनियर 'सी'
एआईओ,डीएमडीई,
बीएमटी विंग एस.सी.टी.आई.एम.एस.टी.

रिपोर्ट

ए जी चित्रा ट्यूबरकुलोसिस डायग्नोस्टिक किट का राष्ट्रीय लॉन्च

श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, (एससीटीआईएमएसटी), तिरुवनंतपुरम द्वारा विकसित ए जी चित्रा ट्यूबरकुलोसिस डायग्नोस्टिक किट को 8 अप्रैल 2024 को जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी स्कंध में आयोजित एक औपचारिक समारोह में लॉन्च किया गया था। एससीटीआईएमएसटी ने फुफ्फुसीय तपेदिक का किफायती, तेज और सटीक निदान प्रदान करने के लिए इस किट को एक खुले मंच प्रणाली के रूप में विकसित किया है। इस प्रौद्योगिकी का लाइसेंस कोच्चि में मेसर्स अगप्पे डायग्नोस्टिक्स को दिया गया है। सफल स्वतंत्र सत्यापन के बाद, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने विनिर्माण और व्यावसायीकरण के लिए किट को मंजूरी दे दी है।

एससीटीआईएमएसटी के अध्यक्ष डॉ. वी.के. सारस्वत ने औपचारिक तौर पर तपेदिक स्क्रीनिंग किट लॉन्च की। उन्होंने एक ऐसी किट के महत्व पर प्रकाश डाला जो संदिग्ध तपेदिक के लिए एक बड़ी आबादी की जांच कर सके। एससीटीआईएमएसटी द्वारा विकसित टीबी किट का उपयोग किसी भी क्यूपीसीआर मशीन में किया जा सकता है, जिसका अर्थ है कि महामारी के दौरान स्थापित मौजूदा कोविड-19 परीक्षण बुनियादी ढांचे का उपयोग बड़े पैमाने पर तपेदिक जांच के लिए किया जा सकता है। उन्होंने देश के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में एससीटीआईएमएसटी के उल्लेखनीय योगदान पर जोर दिया।

अपने भाषण के दौरान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रोफेसर अभय करंदीकर ने चिकित्सा प्रौद्योगिकियों के विकास में उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड के लिए एससीटीआईएमएसटी की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से संस्थान के वैज्ञानिकों, अभियंताओं और चिकित्सकों के बीच अद्वितीय सहयोग की सराहना की, जो इसे देश के अन्य संस्थानों से अलग करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि एससीटीआईएमएसटी द्वारा विकसित एजी चित्रा ट्यूबरकुलोसिस डायग्नोस्टिक किट को जल्द ही राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। उनका मानना था कि यह किट तपेदिक के लिए जनसंख्या की जांच करने में महत्वपूर्ण अंतर ला सकती है।

डॉ. अनूप तेक्कुवीट्टिल, वैज्ञानिक जी और ए जी चित्रा ट्यूबरकुलोसिस किट विकास के टीम लीडर ने बीमारी के लिए डायग्नोस्टिक किट बनाने में टीम के प्रयासों के बारे में बात की। उन्होंने किट की अनूठी विशेषताओं पर प्रकाश डाला, जैसे प्रारंभिक चरण में बीमारी की पहचान करने में इसकी उच्च सटीकता, अल्ट्रा-लो कोल्ड चेन सुविधा की आवश्यकता के बिना आसान परिवहन और इसका खुला प्लेटफ़ॉर्म डिज़ाइन। उन्होंने कार्यक्रम को लागू करने में आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए राज्य टीबी केंद्र, डब्ल्यूएचओ भारत कार्यालय और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की टीम को भी धन्यवाद दिया।

अगप्पे डायग्नोस्टिक्स की निदेशक श्रीमती मीना थॉमस ने एससीटीआईएमएसटी और उद्योग के बीच उपयोगी सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एससीटीआईएमएसटी का सामाजिक रूप से प्रासंगिक शोध अगप्पे को बाजार के लिए अत्यधिक सफल उत्पाद तैयार करने के लिए उद्योग के ज्ञान और विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करता है।

एससीटीआईएमएसटी के निदेशक प्रोफेसर संजय बिहारी ने अपने स्वागत भाषण में भारतीय आबादी में तपेदिक निदान के महत्व को रेखांकित किया। बीएमटी स्कंध के प्रमुख डॉ. हरिकृष्ण वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

लेख

बायोलुमिनसेंस का जादू: प्रकृति की प्रकाशमान घटना"

बायोलुमिनसेंस, दुनिया भर के महासागरों और यहां तक कि जमीन पर पाई जाने वाली एक मनोरम प्राकृतिक घटना है, जो अपनी रहस्यमय चमक से वैज्ञानिकों और उत्साही लोगों को समानरूप से आकर्षित करती रहती है। सूक्ष्म से लेकर गहरे समुद्र केजीवों तक विभिन्न प्रकार के जीवों द्वारा प्रदर्शित यह असाधारण क्षमता, उनके जीवन और पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न उद्देश्यों को पूरा करती है। साथियों को आकर्षित करने से लेकर दुश्मनों से बचने तक बायोल्यूमिनसेंस संचार, जीवित रहने और पनपने केलिए प्रकाश का उपयोग करने में प्रकृति की रचनात्मकता को प्रदर्शित करता है।

यह जीवित जीवों द्वारा प्रकाश का जैवरासायनिक उत्सर्जन है। यह एक अत्यधिक कुशल प्रक्रिया है जो लूसिफ़ेरिन (एक प्रकाश उत्सर्जक अणु), ऑक्सीजन और एंजाइम लूसिफ़ेरेज़ से जुड़ी रासायनिक प्रतिक्रिया के माध्यम से होती है। इस प्रतिक्रिया के परिणाम स्वरूप महत्वपूर्ण ऊष्मा के बिना प्रकाश निकलता है, जिससे यह अन्य प्रकाश स्रोतों की तुलना में प्रकाश उत्पन्न करने का एक ऊर्जा-कुशल तरीका बन जाता है। यह मनमोहक घटना जीवों के किसी एक समूह तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह विभिन्न प्रजातियों में पाई जाती है। गहरे समुद्र में रहने वाले जीव जैसे एंगलरफिश अंधेरे में शिकार को आकर्षित करने के लिए बायोलुमिनसेंट प्रलोभन का उपयोग करते हैं जहां सूरज की रोशनी प्रवेश नहीं कर पाती है। भूमि पर जैक-ओ-लैंटर्नमशरूम जैसे बायोल्यूमिनसेंट कवक एक भूतिया हरी चमक उत्सर्जित करते हैं और जुगनू साथियों को आकर्षित करने के लिए प्रकाश की चमक पैदा करते हैं।

बायोलुमिनसेंस के अध्ययन ने सदियों से वैज्ञानिकों को आकर्षित किया है, जिससे नई प्रजातियों की खोज हुई है और यह पता चला है कि ये जीव प्रकाश का उत्पादन और उपयोग कैसे करते हैं। शोधकर्ताओं ने बायोमेडिकल इमेजिंग और पर्यावरण निगरानी जैसे विभिन्न जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों में उपयोग के लिए बायोल्यूमिनसेंट प्रोटीन और जीन विकसित किए हैं। बायोलुमिनसेंस कलाकारों, लेखकों और फिल्मनिर्माताओं को अपनी सुंदरता और समुद्र की गहराई में या जंगल के सबसे अंधेरे कोनों में जीवन के बारे में शानदार कल्पनाओं से दर्शकों को मंत्र मुग्ध करने के लिए प्रेरित करता रहता है।

पारिस्थितिक तंत्र जहां बायोलुमिनसेंस जीव रहते हैं, उन्हें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और आवास विनाश सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन पर्यावरणों की रक्षा करना न केवल बायोलुमिनसेंट प्रजातियों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन और उनके द्वारा प्रदान की जानेवाली सेवाओं को बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

बायोलुमिनसेंस समुद्र की गहराई से लेकर जंगलों और खेतों तक प्रकृति के सबसे आकर्षक रहस्यों में से एक बना हुआ है। अंधेरे में चमकने वाले जीव जीव विज्ञान के बारे में हमारी समझ को रोशन करते हैं, तकनीकी नवाचारों को प्रेरित करते हैं और हमें प्राकृतिक दुनिया की गहन सुंदरता और जटिलता की याद दिलाते हैं। जैसे-जैसे हम अपने ग्रहका पता लगाना और उसकी रक्षा कर नाजारी रखतेहैं, बायोलुमिनसेंस उन आश्चर्यों की एक चमकदार याद दिलाता है जो खोज की प्रतीक्षा कर रहे हैं और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारी प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व के रूप में कार्य करता है।

अल्का अशोक टी
कार्यकारी सहायक - बी

कविता

मेरी मां

मां मेरी सबसे पहली सहेली थी।
मां मेरी सबसे अच्छी सहेली थी।
बचपन में वह जब मुझे बार बार बुलाती थी,
तब मैं उनसे बहुत तंग हो जाती थी।
पूछती थी मैं उन्हें की "मां तुम्हें और कोई काम नहीं है ?"
हमेशा वह मुझे सताती थी, मुझे भागने नहीं देती,
बोलती थी "अरे बेटा, तू गिर जाएगी। "
बार बार मुझे खाना खिलाती थी, कहती थी
"अरे बेटा तू कमज़ोर हो जाएगी "।
ज्यादा सजने सवरने नहीं देती थी मुझे,
बोलती थी "अरे बेटा, तुझे मेरी ही नज़र लग जाएगी।
जब जब वह मुझे सताती थी, पूछती थी मैं,
"मां तुम्हें और कोई काम नहीं है ?"
पर अब जो वह मुझे छोड़के गई है।
मुझे अकेला छोड़के गई है।
अब मुझे सतानेवाला और कोई नहीं है ,
मुझे मनानेवाला भी और कोई नहीं है।
लगता है कि वह मुझसे रूठ गई है ,
या मुझसे लुका –छुप्पी खेल रही है।
अब तो मेरी एक ही ख्वाहिश है
"मां, एक बार मुझे तू बुलाओ तो सही
एक निवाला प्यार का खिलाओ तो सही

कावेरी बी एस
उच्च श्रेणी लिपिक –बी

रिपोर्ट

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह 2024

फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर 12 मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2024 के लिए अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद द्वारा घोषित थीम **"हमारी नर्सें" । हमारे भविष्य। देखभाल की आर्थिक शक्ति "** । इसका उद्देश्य धारणाओं को नया आकार देना और यह प्रदर्शित करना है कि नर्सिंग में रणनीतिक निवेश कैसे महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन ला सकता है। देखभाल की आर्थिक शक्ति स्वस्थ लोगों और समाजों का निर्माण करती है और स्वस्थ अर्थव्यवस्थाओं को चलाती है।

समारोह के हिस्से के रूप में नर्सिंग प्रभाग द्वारा खेल और कला, वैज्ञानिक पेपर प्रस्तुति और प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह समारोह 11 मई 2024 को शाम 4.00 बजे से आधिकारिक उद्घाटन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 'निशाना-2024' के साथ समाप्त हुआ। श्रीमती अनसूया आर, सहायक नर्सिंग अधीक्षक ने सभा का स्वागत किया। श्रीमती निर्मला एम ओ नर्सिंग अधीक्षक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2024 की थीम के बारे में बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ. कविता राजा, चिकित्सा अधीक्षक द्वारा किया गया और सम्मानित अतिथि श्री एन एस सुमेश कृष्णन, प्रसिद्ध मलयालम कवि और वक्ता थे। माननीय निदेशक डॉ. संजय बिहारी ने अपने संदेश के साथ इस कार्यक्रम की सराहना की और उन्होंने सभी नर्सों को अपनी शुभकामनाएं दीं। डॉ. मंजू नायर आर, सहायक चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विजयम्मा हरिकृष्णन, सेवानिवृत्त नर्सिंग अधीक्षक (एससीटीआईएमएसटी), श्रीमती लीना आर.के., उप नर्सिंग अधीक्षक, और श्रीमती सुजा राज एल लेक्चरर इन नर्सिंग ने इस कार्यक्रम का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में वर्ष 2024 - 25 में सेवानिवृत्त होने वाले नर्सिंग अधिकारियों का सम्मान किया गया। आधिकारिक उद्घाटन श्रीमती अनिला रानी वी.एस. के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ। उद्घाटन के बाद कर्मचारियों, छात्रों और कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का समापन हमारे संस्थान के "चित्रमल्हार" समूह के मधुर "गानामाला" के साथ हुआ। हमारे सेवानिवृत्त नर्सिंग अधिकारियों की विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थिति एवं भागीदारी ने इसे यादगार बना दिया।

'निशाना-2024' का उद्घाटन समारोह

खेल प्रतियोगिताएं

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

वैज्ञानिक पेपर प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम

विश्व नींद दिवस (15 मार्च 2024)
विषय वस्तु : वैश्विक स्वास्थ्य के लिए नींद की समानता

विश्व नींद दिवस 15 मार्च 2024 को बीएमटी स्कंध, एससीटीआईएमएसटी, पूजापुरा के एम एस वैलियत्तान मेडिकल डिवाइसेस और इंजीनियरिंग ब्लॉक के संगोष्ठी कक्ष में मनाया गया। इस अवसर पर, नींद अनुसंधान प्रभाग के प्रभारी डॉ.कमलेश के गुलिया ने इस जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व की सराहना करते हुए सभा का स्वागत किया जो अब विश्व स्तर पर मनाया जाता है। डॉ. गुलिया ने एससीटीआईएमएसटी के माननीय निदेशक डॉ. संजय बिहारी द्वारा भेजा गया विश्व नींद दिवस संदेश पढ़ा: ''नींद अच्छे निर्णय और लचीले तर्क को सुगम बनाती है । सपनों के रचनात्मक कार्य को कम करके नहीं आंका जा सकता। नींद स्मृति को मजबूत करने में मदद करती है और संबंधपरक और रचनात्मक यादों को एकीकृत करती है। नींद को होमियोस्टैटिक सर्कैडियन लय, नींद/जागने के चक्र द्वारा नियंत्रित किया जाता है। हमारे मस्तिष्क में 24 घंटे की आंतरिक घड़ी हमारे वातावरण में होने वाले हल्के बदलावों पर प्रतिक्रिया करके सतर्कता और तंद्रा का चक्र बनाती है। हाइपोथैलेमस में प्रकाश संवेदनशील पैरावेंट्रिकुलर न्यूक्लियस और सुप्राचैस्मैटिक न्यूक्लियस के बीच संबंध सर्कैडियन विनियमन में शामिल होते हैं। एड्रेनोकोर्टिकोट्रॉफ़िक हार्मोन की दैनिक विविधताएं किसी व्यक्ति के सर्कैडियन पैटर्न को निर्धारित करने में प्रभावशाली होने के रूप में अच्छी तरह से पहचानी जाती हैं। आनुवंशिक प्रभाव और आदत पैटर्न किसी व्यक्ति में नींद के पैटर्न को और अधिक प्रभावित करते हैं। इस प्रकार, "नींद" के विज्ञान में कई प्रभाव हैं जो इसे शोध के लिए एक बहुत ही रोमांचक विषय बनाते हैं। मैं डॉ.कमलेश गुलिया और उनकी टीम को सभी जीवित प्राणियों की इस अनूठी विशेषता के रहस्यों को जानने की उनकी निरंतर खोज के लिए बधाई देता हूं, जो उनकी दैनिक दिनचर्या का लगभग एक तिहाई से आधा हिस्सा लेती है, और स्वास्थ्य और बीमारी के निर्धारण में इसका बहुत बड़ा योगदान है ''।

जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी स्कंध के प्रमुख डॉ. हरिकृष्ण वर्मा ने उद्घाटन भाषण दिया और स्वास्थ्य के लिए नींद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऑब्सट्रक्टिव एपनिया और अन्य नींद संबंधी विकारों के प्रबंधन में तकनीकी नवाचारों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि नींद के प्रति जागरूकता लाने के लिए डॉ. गुलिया द्वारा हर वर्ष विश्व नींद दिवस का आयोजन सावधानीपूर्वक किया जाता है।

डॉ. गुलिया ने नींद की समानता और वैश्विक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर आधारित एक विचारोत्तेजक वृत्तचित्र प्रस्तुत किया। उन्होंने उम्र के साथ शुरू होने वाली नींद की समानता के बहुआयामी पहलुओं पर चर्चा की क्योंकि विभिन्न आयु समूहों (नवजात शिशु, बच्चे, गर्भावस्था, रजोनिवृत्ति, उम्र बढ़ने) के लिए नींद की आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं, इसके बाद सामाजिक आर्थिक कारकों, घर होने, सामाजिक कारकों के आधार पर सोने के अवसर पर बातचीत हुई। परिवार, नौकरी, सामाजिक सुरक्षा (अस्पताल में भर्ती होने के खर्च के लिए), भूमंडलीरण, लंबे समय तक चलने वाले युद्ध/संघर्ष और महामारी आदि। उन्होंने अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए गुणवत्तापूर्ण नींद की आवश्यकता पर जोर दिया, जो आज की दुनिया में प्रमुख स्वास्थ्य मुद्दा है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अनुप्रयुक्त जीवविज्ञान विभाग के प्रमुख का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. सब्रीश्वरन ए ने नींद दिवस संदेश दिया और बाद के सत्रों की अध्यक्षता की। यह हर किसी के लिए नींद के बारे में और अधिक समझने का अवसर है क्योंकि यह एक बुनियादी शारीरिक आवश्यकता है, और उल्लेख किया गया है कि कोई भी व्यक्ति अनुशासित जीवनशैली अपनाकर गुणवत्तापूर्ण नींद का आनंद ले सकता है।

मेरी नींद नामक विशेष सत्र में, हाल ही में मां बनने वाली सुश्री श्रीदेवी वी (तकनीकी सहायक, इंस्ट्रुमेंटेशन-बी, एक्स्ट्राकोर्पोरियल डिवाइसेस प्रभाग से) ने गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के बाद अपनी नींद के बारे में अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे वह अपने पति और परिवार के सदस्यों के ठोस प्रयासों से अच्छी नींद लेने में कामयाब रही । सुश्री कृपामोल आर (पीएचडी विद्वान, ऊतक संस्कृति विभाग) ने छात्रावास जीवन में नींद की समस्याओं के बारे में अपने अनुभव साझा किए और अनुसंधान कार्य में उत्पादकता बढ़ाने के लिए इससे प्रभावी ढंग से निपटने के सुझाव दिए।

इसके बाद डॉ बिजु सोमान, प्रोफेसर एवं प्रमुख, अच्युत मेनोन स्वास्थ्य विज्ञान अध्ययन केंद्र द्वारा साउंड स्लीप: एक सार्वजनिक स्वास्थ्य परिप्रेक्ष्य विषय पर नींद दिवस विशेष व्याख्यान दिया गया । डॉ. सोमन ने समानता का वर्णन किया और हाल के अध्ययनों का हवाला देते हुए सुरुचिपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि कैसे गुणवत्तापूर्ण नींद गैर-संचारी रोगों से निपटने में मदद कर सकती है जो वर्तमान जीवनशैली में बहुत बड़े पैमाने पर व्याप्त हैं। दूसरा व्याख्यान कृत्रिम आंतरिक अंगों के प्रभाग, सुभाष एनएन, अभियंता द्वारा नींद में सुधार के लिए वृद्धावस्था एवं सहायक प्रौद्योगिकियों पर दिया गया, जिसमें बाजार में स्टार्ट-अप द्वारा उपलब्ध उपकरणों पर अपडेट प्रदान किया गया।

इस अवसर के लिए बनाई गई एक विशेष स्मारिका, वर्ल्ड स्लीप डे लोगो वाला मैजिक कॉफी मग, जो शाम के बाद कॉफी/चाय के सेवन में कमी की याद दिलाता है, सभी वक्ताओं को प्रस्तुत किया गया। विश्व नींद दिवस समारोह का आयोजन नींद अनुसंधान प्रभाग, अनुप्रयुक्त जीवविज्ञान विभाग, बीएमटी स्कंध द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का संचालन नींद अनुसंधान प्रभाग की परियोजना कर्मचारी सुश्री शानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान नींद संबंधी जागरूकता के लिए स्लीप रिसर्च विभाग के पीएचडी छात्रा सुश्री अर्शज्योतिस्मयी वी द्वारा तैयार किए गए दो मिनी पोस्टर प्रदर्शित किए गए।

MIDNIGHT
24.00
CIRCADIAN
RHYTHM
18.00
06.00
NOON
12.00
World Sleep Day
Sound Sleep: A Public Health Perspective
March 15, 2024
Dr Biju Soman,
MBBS, MD, DPH, DLSHTM, MSc
Professor & Head
Achutha Menon Centre for Health Science Studies
Sree Chitra Tirunal Institute for Medical Sciences & Technology, Trivandrum
UPS
NON UPS

SCTIMST
An Institution of National Importance
under Department of Science and Technology, Govt. of India
BIOMEDICAL TECHNOLOGY WING


Biggest Challenge in Modern ERA!
elaxing
Sleep
UPS
NON UPS

SCTIMST
An Institution of National Importance
under Department of Science and Technology, Govt. of India
BIOMEDICAL TECHNOLOGY WIN

Update this profile
IPO
Corporate Office
P.O.Box 12117
Herzliya 46733
Israel



Global Health

Global Health

World Sleep Day

World Sleep Day

World Sleep Day

March 15, 2024

March 15, 2024
World Sleep Day
Sleep Equity for Global Health

कविता

धरती

ये धरती के कितने कहानी है ।
ये सच है कि स्वर्ग और नरक यहाँ है ।
हम आज़ाद होते भी मन में कैद है ।
हिन्दू, ईसाई, मुस्लिम, सिख सभी लड़ते हैं ।
और कहते है हम मानव राशि है ।
फिर भी शोर मचाकर रणभूमि बनाते है ।
क्या इसे कहते है भगवान की भूमि ।
राम और रावण एक ही मन में रहते हैं ।
जिंदा होकर भी हम मर रहे हैं ।
जैसे पिरामिड के मम्मी की तरह जीते हैं ।
सोना है पैसा है फिर भी शांति नहीं
क्या इसी को कहते है भगवान की धरती ।
ये सब देखकर भूमिदेवी रो रही है ।
हम बनाते है अपने जीवन की कीमत ।
रक्षा बंधन से रक्षा मिलेगा क्या ?

डॉ जिजि टी एस
चिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ता –बी

रिपोर्ट

स्मृतिवनोल्सव 2024

स्मृतिवनम परियोजना का उद्देश्य सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी द्वारा संस्थान से स्मृति के रूप में एक पौधा लगाना और पदधारी को विदाई देना भी है। इस अभूतपूर्व परियोजना के ढांचे में, दिनांक 24.01.2024 को जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी स्कंध, पूजापुरा में स्मृतिवनोलसव के रूप में एक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम को उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पुनर्मिलन के रूप में मनाने की योजना बनाई गई थी जिन्होंने स्मृतिवनम में पौधे लगाए थे। जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी स्कंध, अस्पताल स्कंध, एएमसीएचएसएस के कर्मियों और 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व स्मृतिवनम समिति ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री सजितलाल एम के, अध्यक्ष, स्मृतिवनम समिति [अभियंता -एफ, इंजीनियरिंग सेवा प्रभाग, बीएमटी स्कंध] की प्रस्तावना के साथ हुई है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और स्मृतिवनम परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

एससीटीआईएमएसटी के निदेशक प्रोफेसर संजय बिहारी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया है और उनके स्वास्थ्य, खुशी, सफलता और समृद्धि के साथ एक सुखद जीवन की कामना की है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, समर्पण, उपलब्धियों और उत्साह ने कार्यस्थल को इतना रोशन कर दिया है कि उसकी बराबरी कभी नहीं की जा सकती। उन्होंने आगे कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विशेषज्ञता और मार्गदर्शन प्रख्यात है और यह हमारे संस्थान की सफलता में सहायक रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति को यादगार बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और कहा कि संस्थान के प्रति उनकी सेवा हमेशा याद रहेगी।

डॉ अजित कुमार वी.के. (पूर्व निदेशक, एससीटीआईएमएसटी) ने एससीटीआईएमएसटी में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सराहना की है। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बिताए पलों को याद किया और कहा कि सेवानिवृत्ति एक नए अध्याय की शुरुआत है और उनके सुखद जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद ही, किसी को संस्थान में करियर के महत्व और समय के साथ विकसित हुए बंधन का एहसास होगा।

डॉ. हरिकृष्ण वर्मा पी.आर. (प्रमुख, बीएमटी स्कंध) ने निर्दिष्ट किया है कि सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने काम में एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने उल्लेख किया कि उन्होंने जो प्रशंसा, नेतृत्व और दक्षता अर्जित की है वह हमेशा हमारी भविष्य की नवीनता में प्रतिबिंबित होगी। उन्होंने एससीटीआईएमएसटी को बढ़ाने के लिए उनकी जबरदस्त सेवा की सराहना की।

एससीटीआईएमएसटी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रूपा श्रीधर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी समर्पित सेवाओं और एससीटीआईएमएसटी में बहुमूल्य योगदान के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उनके काम ने संस्थान में उल्लेखनीय बदलाव लाए हैं और उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने पुरानी यादें ताजा कीं और अपने अनुभव साझा किए जिससे सहकर्मियों और अन्य लोगों को प्रेरणा मिली। उन्होंने ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान में काम करने के लिए अपनी सराहना व्यक्त की और उनकी सेवा के दौरान उनका समर्थन करने के लिए सहकर्मियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित महानुभावों ने सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को स्मृति स्वरूप पौधे वितरित किये। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने स्मृति वनम में निर्दिष्ट क्षेत्रों में पौधे लगाए हैं। सराहना के संकेत के रूप में, स्मृति वनम के भूस्वामियों को इसकी स्थापना के दिन से ही इसकी सुरक्षा और पोषण के लिए उपहार दिए जाते हैं।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं और सफलता की शुभकामनाएं दीं और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन श्री विनोद डी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला), जैव रसायन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

रिपोर्ट

प्रयोगशाला पशुओं के उचित एनेस्थीसिया, एनाल्जेसिया और इच्छामृत्यु द्वारा पशु प्रयोग का शोधन" पर एक दिवसीय कार्यशाला

श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा आयोजित "प्रयोगशाला जानवरों के उचित एनेस्थीसिया, एनाल्जेसिया और इच्छामृत्यु द्वारा पशु प्रयोग के शोधन" पर एक दिवसीय कार्यशाला 21 फरवरी 2024 को अच्युता मेनोन केंद्र में आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला का नेतृत्व प्रायोगिक चिकित्सा विभाग, कोपेनहेगन विश्वविद्यालय, डेनमार्क के प्रोफेसर क्लास स्टिग पीटर एबेल्सन ने किया और प्रयोगशाला पशु विज्ञान प्रभाग के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. हरिकृष्णन वी एस ने पशु मॉडल के शोधन, रक्त निकासी और कृंतक और खरगोश से निपटने की तकनीकें पर व्याख्यान दिया। । इस "प्रशिक्षक को प्रशिक्षित करें" कार्यक्रम में केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और उत्तर प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों के संस्थागत पशु आचार समिति के सदस्यों, प्रयोगशाला पशु पशुचिकित्सकों, पीएचडी गाइड और कॉलेज शिक्षकों ने भाग लिया। इस पाठ्यक्रम में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, मद्रास पशु चिकित्सा कॉलेज, एमजी विश्वविद्यालय, कालीकट विश्वविद्यालय, केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और विभिन्न डेंटल और मेडिकल कॉलेजों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। पाठ्यक्रम को प्रतिभागियों से अत्यधिक सकारात्मक टिप्पणियाँ प्राप्त हुईं। जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी स्कंध के प्रमुख, डॉ. हरिकृष्ण वर्मा ने संकाय और प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और निष्कर्ष निकाला कि एससीटीआईएमएसटी ने हमेशा अच्छे पशु देखभाल मानकों को बढ़ावा दिया है और प्रयोगशाला जानवरों के लाभ के लिए जैव चिकित्सा शोधकर्ताओं को अत्याधुनिक ज्ञान का प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रायोगिक पशुओं का उपयोग करके प्राप्त गुणवत्तापूर्ण डेटा सुनिश्चित करना ।



HUTHA MENON CENTRE
FOR
EALTH SCIENCE STUDIES
Sree Chitra Tirunal Institute for Medical Sciences and Technology,
Thiruvananthapuram, Kerala, India
ONE DAY WORKSHOP
"Refinement of Animal Experimentation by Proper Anaesthesia
Analgesia and Euthanasia of Laboratory Animals"

रिपोर्ट

सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेन्द्रम के दौरे पर एक रिपोर्ट

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सचिव डॉ. अभय करंदीकर ने 13 फरवरी 2024 को चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (एससीटीआईएमएसटी) तिरुवनंतपुरम का दौरा किया। एससीटीआईएमएसटी डीएसटी के अंतर्गत एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। उनके साथ उनकी पत्नी और डीएसटी के एआई प्रभाग के प्रमुख डॉ. मनोरंजन मोहंती भी थे। त्रिवेन्द्रम हवाई अड्डे पर एससीटीआईएमएसटी के निदेशक डॉ. संजय बिहारी और जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी स्कंध के प्रमुख डॉ. एच के वर्मा ने उनका और उनकी टीम का स्वागत किया।

बाद में उन्होंने और उनकी टीम ने संस्थान के जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी स्कंध (बीएमटी) का दौरा किया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने बीएमटी स्कंध में उनका स्वागत किया। संगोष्ठी कक्ष में बीएमटी स्कंध के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ एक संक्षिप्त बैठक आयोजित की गई। एससीटीआईएमएसटी के निदेशक ने उन्हें और उनकी टीम को वैज्ञानिकों से परिचित कराया। बैठक के दौरान, बीएमटी स्कंध के प्रमुख ने संस्थान, इसके अधिदेश, अनुसंधान के फोकस क्षेत्रों, विकसित चिकित्सा उपकरणों और इसके अनुवादात्मक अनुसंधान राष्ट्र और भारतीय चिकित्सा उपकरण उद्योग में कैसे योगदान दे रहे हैं, का संक्षिप्त विवरण दिया।

प्रस्तुतिकरण के बाद, उन्हें संस्थान में विकसित चिकित्सा उपकरणों और उत्पादों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रयोगशालाओं में ले जाया गया। उन्होंने इंजीनियरिंग प्रयोगशालाओं, जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं और सामग्री अनुसंधान प्रयोगशालाओं का दौरा किया और वैज्ञानिकों से बातचीत की। यह दौरा करीब 2 घंटे तक चला और वह शाम 4:20 बजे बीएमटी स्कंध से निकल गए। इससे संबंधित कुछ तस्वीरें नीचे दी गई हैं।

लेख

भारत में पहले हिंदी –आधारित विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगोष्ठी का अनुभव

भारत में पहली बार आयोजित हिंदी-आधारित विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगोष्ठी (21-22 मार्च 2024) में भाग लेना एक समृद्ध और अनूठा अनुभव था। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम ए.आर.सी.आई. हैदराबाद में आयोजित हुआ, जिसने वैज्ञानिक चर्चा को व्यापक दर्शकों केलिए सुलभ बनाने केलिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया, जो ज्ञान केप्रसार में अक्सर बाधा बनता है।

एक वक्ता के रूप में, हिंदी में व्याख्यान देना विशेष रूप से अर्थ पूर्ण था । हमारी राजभाषा का उपयोग करके जटिल वैज्ञानिक विचारों को अधिक प्रभावी ढंग से व्यक्त किया जा सकता था, जिससे दर्शकों के साथ गहरा संबंध स्थापित हो सका । उपस्थित लोगों की गर्म जोशी और उत्साह स्पष्ट थे, और सत्रों के दौरान उनकी सहभागिता ने विज्ञान को सुलभ और संबंधित बनाने में भाषा के महत्व को रेखांकित किया।

संगोष्ठी ने एक महत्वपूर्ण बिंदु को उजागर किया: शिक्षा और नवाचार में भाषा बाधा नहीं होनी चाहिए । ऐतिहासिक रूप से, भारत में अधिकांश वैज्ञानिक चर्चा अंग्रेजी में होती रही है, जिससे उन लोगों की पहुंच सीमित हो गई है जो हिंदी या अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में अधिक सहज हैं । यह कार्यक्रम एकता जगी भरा बदलाव था, जिसमें वैज्ञानिक संचार में समावेशिता कीआवश्यकता को उजागर किया गया।

यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित था, जिसमें हमारे भाषा और विरासत की विशिष्ट सांस्कृतिक बारीकियों के साथ कठोर वैज्ञानिक चर्चा का मिश्रण था। यह प्रेरणादायक था कि प्रसिद्ध वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी विद् आसानी से हिंदी में स्विच कर रहे थे, जिससे जटिल अवधारणाएं अधिक संबंधित और समझने योग्य हो गईं। इस बदलाव ने न केवल सामग्री को अधिक सुलभ बनाया, बल्कि हमारे भाषाई विरासत में गर्व की भावना भी जगाई।

